# जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र/जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

**मासिक आख्या मार्च, 2023**

**संख्या– मैंमो–तेरह–आ.प्र./मासिक आख्या/2021** **दिनांक – 01 अप्रैल, 2023**

**दिनांक 02.03.2023 की रात्रि को ग्राम स्वीचाणगांव तहसील मोरी में 02 आवासीय भवन आग लगने** सूचना प्राप्त हुयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा तत्काल उक्त स्थान के लिए फायर सर्विस, एस.डी.आर.एफ. तहसीलदार सहित राजस्व की टीम को रवाना किया गया । घटना में अग्निकाण्ड से भवन पूर्ण रुप से जलकर क्षतिग्रस्त हुआ एंव 01 बैल जलकर मृत्यु हुयी और सेब के 10–15 पेंड जलकर नष्ट हुए है। किसी प्रकार की कोई जनहानि नही हुयी। समस्त प्रभावित परिवारो को कम्बल, तिरपाल तथा 5000 नकद जी0आर0 के रुप में तात्कालिक सहायता प्रदान की गयी।










**दिनांक 02.03.2023 को प्रातः 8:31 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग डाबरानी के पास बडे–बडे बोल्डर आने के** कारण अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव अन्या सम्बन्धितो से समन्वय किया गया मार्ग को सुचारु करने मे 01व्हील लोडर, 01 कम्पोजर 10 मजदूरों की तैनाती कर मार्ग को प्रातः 11:51 बजे सुचारु किया गया।







**दिनांक 05.3.2023 को समय प्रातः 12:45 बजे जनपद उत्तरकाशी में भूकम्प के झटके महसूस किये गये।** जनपद के समस्त तहसीलदार/थाना/पुलिस चौकियों/राजस्व उप निरीक्षक से भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त की गयी। समस्त थाना/तहसीलान्तर्गत भूकम्प से किसी प्रकार के क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी। तहसील भटवाडी में अवस्थित मनेरी/जोशियाडा बॉध से भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त की गयी। उक्त बॉधों में भूकम्प से किसी प्रकार की क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी। इस प्रकार जनपद में भूकंप से किसी प्रकार की क्षति नही होने के सम्बन्ध मे आख्या शासन को प्रेषित की गयी।

**<u>भारतीय मौसम विभाग (IMD) नई दिल्ली से प्राप्त सूचना के अनुसार भूकम्प का विवरण :–</u>**

- भूकम्प का परिमाण – 2.5 (रिक्टर पैमाने पर)
- अक्षांश/Latitude – 30.75° N
- देशान्तर/Longitude – 78.49° E
- समय– 12:45 AM बजे।
- भूकम्प की गहराई पृथ्वी की सतह से 10 कि0मी0 नीचे थी।
- भूकम्प का केन्द्र – तहसील भटवाडी के अन्तर्गत सिरोर के जंगल में बताया गया।



**दिनांक 06.3.2023 को लम्बगांव मोटर मार्ग चौंरागी खाल से 02 किमी आगे वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने** की सूचना प्राप्त हुयी जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राजस्व टीम, पुलिस एंव 108 एम्बुलेंस एवं त्वरित कार्यवाही दल को सूचना से अवगत कराया गया। उक्त वाहन में 03 लोग सवार थे जिन्हे 108 एम्बुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्यालय लाया गया।






**दिनांक 10.03.2023 को एन.आई.सी. सभागार में वनाग्नि घटनाओं की प्रभावी रोकथाम एंव उसके** प्रबंधन और कार्य योजना को लोकर जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता मे बैठक हुयी की गयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धितो से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही की गयी।



**उत्तराखण्ड शासन के पत्र संख्या–2045/USDMA-730(2019)TC-2 दिनांक 02 मार्च, 2023 के द्वारा संयुक्त** सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या–09/2022-DM-III-151 दिनांक 13 फरवरी, 2023 के क्रम में NPDRR-Building Local Resilience in a Changing Climate विषयक पर विज्ञान भवन, नई दिल्ली में दिनांक 10 एवं 11 मार्च, 2023 को आयोजित 02 दिवसीय कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी, उत्तरकाशी द्वारा प्रतिभाग किया गया। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा उक्त के समबन्ध में समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही की गयी।

**दिनांक 12.03.2023 को समय लगभग सांय 6.00 बजे तहसील चिन्यालीसौड क्षेत्रान्तर्गत गडथ मोटर** मार्ग पर एक यूटिलिटी वाहन अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा पुलिस, 108 एम्बुलेंस एंव सम्बन्धित से समन्वय किया गया। उक्त वाहन में चालक सहित कुल 05 व्यक्ति सवार थे जिनमें से 01 व्यक्ति की रास्ते में मृत्यु हुयी तथा 04 घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र चिन्यालीसौड मे किया गया 02 घायल व्यक्ति को उत्तरकाशी एंव 02 को देहरादून के लिए रेफर किया गया।

दिनांक 15.03.2023 की सुबह करीब 3:00 बजे तहसील मोरी के ग्राम नूराणू मे एक ही परिवार के तीन व्यक्तियों का आवासीय मकान में अचानक आग लगने से अवासीय मकान पूर्ण रुप से जलकर नष्ट हुआ प्रभावित परिवार को सहायता राशि , कम्बल आदि वितरीत किये गये।










**दिनांक 18.03.2023 को U.N.D.P [united nations development proramme] द्वारा आयोजित एक** दिवसीय Climate change and its impact विषयक प्रशिक्षण जिला सभागार उत्तरकाशी में दिया गया । जिसमें जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा आवश्यक समन्वय कर कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।






**दिनांक 20.03.2023 को यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग खरादी के पास एक पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने** की सूचना प्राप्त होते ही जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धितों से समन्वय कर उक्त स्थान के लिए पुलिस, 108 एम्बुलेंस को रवाना किया गया। उक्त वाहन मे चालक सवार था जिन्हे 108 के माध्यत से सी.एच.सी. बडकोट में भेजा गया।





**राज्य में आपदा/आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिवादन हेतु सूचनाओ के एकत्रीकरण तथा उच्चीकरण करते हुये** सटीक चेतावनी प्रदान करते हुये उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के अन्तर्गत संचालित होने वाले राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र के आधुनिकतम् तकनीकी से सुसज्जित किये जाने के उद्देश्य से विभिन्न अवयनों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा किये जाने हेतु दिनांक 21 व 22 मार्च, 2023 को दो दिवसीय Internationl Conclave on use of Advance Technologies in Disaster Management का आयोजन Fairfield by Marriott, Dehradun में किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में आपदा प्रबन्धन अधिकारी, एवं श्री दीपक कठैत, जी0आई0एस0 टैक्निशीयन जिला अर्थ एवं संख्या कार्यालय, उत्तरकाशी द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।














**दिनांक 21.3.2023 को समय रत्रि 10:17 बजे जनपद उत्तरकाशी में भूकम्प के झटके महसूस की** सूचना प्राप्त होने के उपरान्त जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा तत्काल समस्त तहसीलदार/थाना/पुलिस चौकियों/राजस्व उप निरीक्षक से भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त की गयी। समस्त थाना/तहसीलान्तर्गत भूकम्प से किसी प्रकार के क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी। तहसील भटवाडी में अवस्थित मनेरी/जोशियाडा बॉध से भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त की गयी। उक्त बॉधों में भूकम्प से किसी प्रकार की क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी। इस प्रकार जनपद में भूकंप से किसी प्रकार की क्षति नही होने के सम्बन्ध मे आख्या शासन को प्रेषित की गयी।

**<u>भारतीय मौसम विभाग (IMD) नई दिल्ली से प्राप्त सूचना के अनुसार भूकम्प का विवरण :–</u>**




- भूकम्प का परिमाण – 6.6(रिक्टर पैमाने पर)
- अक्षांश/Latitude – 30.09° N
- देशान्तर/Longitude – 71.35⁰ E
- समय– 10:17:27 PM बजे।
- भूकम्प की गहराई पृथ्वी की सतह से 156 कि0मी0 नीचे थी।
- भूकम्प का केन्द्र – अफगानिस्तान हिन्दू कुश रिजन था।

दिनांक 23.03.2023 को जिला सभागार परिसर उत्तरकाशी मे एक साल नई मिसाल राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित समारोह के अवसर पर सभी विभागो द्वारा विभाग से संबधित प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा विभागीय स्टॉल लगाकर आपदा एंव राहत बचाव आदि के बारे में जानकारी दी गयी







एक साल–नई मिसाल कार्यक्रम का राज्यसभा सांसद ने किया शुभारंभ



**दिनांक 24.03.2023 को पुराना धरासू थाना से कुछ दूर आगे मरगांव जाने जाने वाले रोड के पास** ऑल वेदर प्रोजेक्ट के अन्तर्गत कटिंग कार्य के दौरान समय लगभग 10:30 बजे रात्रि को अचानक पहाडी से मलवा एवं बोल्डर से दो पोकलैंड मशीन व एक डम्फर के उपर मलवा गिर गया जिससे चालक व ठेकेदार मलवो में दब गये साइड इंचार्ज को पत्थर लगने कारण सड़क से नीचे खाई में गिर गया। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा तत्काल प्रभाव से पुलिस, एस0डी0आर0एफ0 को सूचना से अवगत कराया गया। उक्म टीमो की सहायता से एंव मजदूरों की सहायता से मलवो मे दबे हुए व्यक्तियो को निकला गया एंव खाई में गिरे व्यक्ति को रेस्क्यू कर 108 की मदद से सी0एच0सी0 चिन्यालीसौड भेजा गया साइड इंचार्ज को चिकित्सको द्वारा मृत घोषित किया गया। तथा 02 ठेकेदार व डंपर चालक सी.एच.सी. चिन्यालीसौड में उपचार किया गया।

**दिनांक 25.03.2023 को समय प्रातः 7:40 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग धरासू बैंड के पास मलवा व** पत्थर आनें के कारण अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव अन्य सम्बन्धित विभाग से समन्वय कर मार्ग को दोपहर 3:20 बजे सुचारु किया गया।






**दिनांक 25.03.2023 को श्री धर्मानंद निवासी ग्राम गंगोरी को दिल का दौरा पड़ने के कारण मुख्य** चिकित्साधिकारी, उत्तरकाशी द्वारा उक्त को तत्काल हैली एम्बुलेसं से हायर सेंटर रेफर किया गया परिजनों के अनुरोध पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा नागरिक उड्यन विभाग देहरादून से समन्वय कर उक्त व्यक्ति के हैली एम्बुलेंस से हायर सेन्टर देहरादून पहुॅचाया गया।





**दिनांक 25.03.2023 को दूरभाष द्वारा प्राप्त सूचना के अनुसार रामभगत सिंह, संजीव सिंह एंव प्रथम** सिंह निवासी ग्राम बार्सू की करीब 1000 भेड़ बकरी ग्राम खटटूखाल के मथानाउ तोक में अचानक बिजली गिरने के कारण बकरीयो की मृत्यु हुयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राजस्व टीम, एस.डी.आर.एफ. त्वरित कार्यवाही दल एंव पशु चिकित्सको की टीम को उक्त स्थान के लिए रवाना किया गया।









**दिनांक 26.03.2023 को समय प्रातः 7:31 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग धरासू बैंड के पास मलवा व** पत्थर आनें के कारण अवरुद्ध हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव अन्य सम्बन्धित विभाग से समन्वय कर मार्ग को प्रातः 7:40 बजे सुचारु किया गया।





**दिनांक 29.03.2023 को जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा राजकीय पॉलीटेक्निक उत्तरकाशी में** संस्थान के राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के छात्र–छात्राओं एंव अन्य संस्थान के छात्राओं,शिक्षको को प्राथमिक उपचार उपकरणों की जानकारी मॉक अभ्यास एक दिवसीय आपदा संबन्धी प्रशिक्षण दिया गया ।










चारधाम यात्रा अन्तर्गत जनपद में स्थिति श्री यमुनोत्री एवं श्री गंगोत्री धाम के कपाट माह अप्रैल, 2023 से पर्यटकों/यात्रियों के दर्शनार्थ खोले गये। जनपद अन्तर्गत चारधाम यात्रा के दृष्टिगत जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को यात्रा कन्ट्रोल रूम कार्यशील किया जायेगा।

District Emergency Operation Center Uttarkashi (DEOC)

Phone: + 91 - 1374 - 222722, 222126, 1077 (Toll free),
FAX: +91374-22722(Off)
Mobile.: + 917500337269 (Idea)+ 917310913129 (Airtel

**जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा चारधाम यात्रा तैयारी बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये** गये निर्देशानुसार श्री गंगोत्री एवं श्री यमुनोत्री धाम की यात्रा के सफल संचालन हेतु धामों, राष्ट्रीय राजमार्गों के विभिन्न प्रमुख पड़ाव एवं संवेदनशील स्थानों, भीड़–भाड वाले क्षेत्रों में नियंत्रण, पुलिस थानों/चौकियों एवं मानव संसाधन प्रबन्धन, स्वास्थ्य प्रबन्धन, महत्वपूर्ण कार्यों की नियमित लाईव निगरानी हेतु चिन्हित 19 स्थानों यथा यमुनोत्री पैदल मार्ग, जानकीचट्टी स्यानाचट्टी, पालीगाड, खरादी, दुबाटा, डामटा एवं गंगोत्री धाम यात्रा मार्ग के हीना पंजिकरण केन्द्र, धरासू, नगुण आदि स्थानों पर नये आई0पी, सी0सी0टी0वी0 कैमरा स्थापित किया जायेगा तथा वर्ष 2022 में धाम एवं विभिन्न स्थानों पर स्थापित 21 आई0पी0, सी0सी0टी0वी0 कैमरों को सुचारू करवाये जाने की कार्यवाही गतिमान है। उक्त आई0पी0 सी0सी0टी0वी0 कैमरा को लाईव मॉनिटरिंग हेतु जिला कार्यालय, उत्तरकाशी एवं जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र, उत्तरकाशी (यात्रा कन्ट्रोल रूम)/पुलिस कन्ट्रोल रूम उप जिलाधिकारी, बडकोट कार्यालय, पुलिस चौकी जानकी चट्टी तथा पुलिस चौकी, गंगोत्री आदि स्थानों पर संयोजित किये जायेगे।

इसके अतिरिक्त श्री गंगोत्री एवं श्री यमुनोत्री धाम की यात्रा के सफल संचालन हेतु धामों में एवं यात्रा मार्ग के विभिन्न प्रमुख पड़ावों पर पुलिस सहायता, स्वास्थ्य, सफाई, विद्युत, पेयजल आदि व्यवस्थाओं तथा जन सुविधाओं एवं यात्रा के दौरान क्या करें, क्या न करें, प्राथमिक उपचार आदि सम्बन्धित जानकारी के प्रचार–प्रसार सम्बन्धी सामग्री यथा पैम्फलेट, हेण्डबिल, फ्लैक्स, कलर पोस्टर, सनबोर्ड, होर्डिंग, रिटरो बोर्ड, रेडियम बोर्ड, वॉल रॉटिंग आदि प्रिंटिंग/लगवाये जाने हेतु कार्यवाही की जा रही है तथा पुलिस सहायता, स्वास्थ्य आदि व्यवस्थाओं तथा यात्रा वाहन चालकों व आपात स्थित में अस्थायी आवासीय सुविधाओं हेतु टेंट लगवाये आदि के क्रय आदि की जा रही है।



इसके अतिरिक्त जनपद स्तर पर आयोजित विभिन्न चारधाम यात्रा/जन कल्याणकारी योजनाओं/बैठकों में प्रतिभाग किया गया हे।

(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।

**प्रतिलिपिः–** निम्नाकिंतों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अधिशासी निदेशक, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।
3. राज्य समन्वयक, एस0आर0डी0आर0 परियोजना, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।

आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।